# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 12 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 308 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# भव्य प्रभात फेरी: श्रद्धा का सागर उमड़ा

## इस बार प्रभात फेरी का सबसे खास आकर्षण रहा

## रणजीत टाइम्स समूह द्वारा बनाया गया भव्य स्वागत मंच

### ड्रोन से हुई कड़ी निगरानी, रणजीत टाइम्स का विशेष स्वागत मंच बना केंद्र





इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित श्री रणजीत हनुमान मंदिर से 12 दिसंबर की सुबह प्रदेश की सबसे बड़ी और भव्य प्रभात फेरी पूरे उत्साह और गरिमा के साथ निकल चुकी है। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी और जैसे ही प्रथम आरती संपंन्न हुई, ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और जय-हनुमान के नारों के साथ विशाल शोभायात्रा आगे बढ़ गई। इस पावन अवसर पर इंदौर शहर भक्तिमय रंग में रंग गया और हर तरफ आस्था की अनोखी छटा दिखाई दी। इस बार की प्रभात फेरी में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें महिलाओं, युवाओं, बच्चों और वृद्धों की बड़ी संख्या मौजूद रही। मंदिर से शुरू हुई यात्रा ने निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते हुए पूरे क्षेत्र में दिव्यता का भाव फैलाया। जगह-जगह लगे welcome गेट, पुष्पवर्षा, धार्मिक झांकियाँ और कीर्तन मंडलियों ने इस शोभायात्रा को और भव्य बना दिया।



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क था। लगभग 650 से अधिक पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया, जिनकी निगरानी डीएसपी और टीआई स्तर के अधिकारी कर रहे थे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई। वहीं ड्रोन कैमरों से प्रभात फेरी के पूरे मार्ग की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की गई, जिससे भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा जा सके। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जा रही थी, और मुख्य स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। यात्रा के दौरान उषा नगर, अन्नपूर्णा रोड और रणजीत हनुमान मार्ग सहित कई रूटों पर अस्थायी डायवर्शन लागू किए गए। ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट कर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल भी अलग-अलग जगह निर्धारित किए गए थे जिन्हें सुबह से ही पुलिसकर्मियों द्वारा सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा था। इस बार प्रभात फेरी का सबसे खास आकर्षण रहा रणजीत टाइम्स समूह द्वारा बनाया गया भव्य स्वागत मंच मंदिर परिसर के नजदीक तैयार इस मंच पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की गई। मंच पर आने वाले भक्तों का पुष्पमालाओं, नारों और जय-जयकार के साथ स्वागत किया गया। मीडिया कवरेज के लिए रणजीत टाइम्स की पूरी टीम सुबह से लाइव रिपोर्टिंग में सक्रिय रही, जिससे दूर-दराज के लोगों तक भी इस अलौकिक आयोजन की झलक पहुँचती रही।




प्रभात फेरी के आगे बढ़ते ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से भर गया। विशाल झांकियों, सजाए हुए रथों, भजन मंडलियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। श्रद्धालु 'हनुमान जी' के जयकारों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा जल-सेवा, चाय, नाश्ता और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई, जिससे पूरे मार्ग पर सेवा और श्रद्धा की अनोखी मिसाल देखने को मिली। इस बार की प्रभात फेरी ने एक बार फिर साबित किया कि इंदौर न सिर्फ स्वच्छता में नंबर वन है, बल्कि धार्मिक आयोजनों की भव्यता और अनुशासन में भी अग्रणी है। जैसे-जैसे शोभायात्रा अपने मार्ग पर आगे बढ़ी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की आस्था चरम पर नजर आई और पूरा शहर 'जय श्री हनुमान' के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा।

# अंबेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन से औपचारिक शुभारंभ

**जितेन्द्र वर्मा**

महू यात्रियों की सुरक्षा और झुग्गी बस्तियों में रहने वाले बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महू रेलवे पुलिस ने गुरुवार को दो नई पहल-'हमारी सवारी भरोसे वाली' और 'पटरी की पाठशाला'-का अंबेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन से औपचारिक शुभारंभ किया। 'हमारी सवारी भरोसे वाली' पहल के तहत शहर के ऑटो रिक्शा पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। इन कोड को स्कैन कर यात्री वाहन और चालक की पूरी जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। रेलवे एसपी पद्म विलोचन शुक्ल ने बताया कि यह व्यवस्था यात्रियों, विशेषकर



महिलाओं और बाहरी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

वहीं 'पटरी की पाठशाला' का उद्देश्य रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है। इस पहल में बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ 'गुड टच–बैड टच' और सामाजिक व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी। शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सकारात्मकता का माहौल बना रहा।

# भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत चयनित जिलों के जिला कलेक्टर्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम के समीक्षा की




**दिलीप पाटीदार**

धार भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत समस्त राज्यों से चयनित जिलों की प्रगति व नवाचार के संबंध में जिला कलेक्टर्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम के समीक्षा की। मध्यप्रदेश से समीक्षा हेतु धार जिले का चयन किया गया था। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा बताया गया कि धार जिला मध्यप्रदेश के बड़े जिलों में से एक है। जिसमें 13 विकासखण्ड है। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले की स्थिति, प्रगति एवं प्रमुख पहलुओं के साथ ही जिले में किये गये नवाचार के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्टर द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 3,83,935 ग्रामीण परिवार हैं। मिशन के प्रारंभ (15 अगस्त 2019) पर 51,060 परिवार (13.30 प्रतिशत) को ही नल-जल उपलब्ध था। 4 दिसंबर 2025 तक 3,03,372 परिवार (79.02 प्रतिशत ) को नल-जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। जिले के 814 गाँव (55 प्रतिशत) में 100 प्रतिशत कार्यरत् घरेलू नल कनेक्षन (FHTC) उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। जिले के कई ब्लॉकों कुक्षी, निसरपुर, बदनावर, धार में 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति दर्ज की गई है। जिले में क्रियान्वित प्रमुख मल्टी-विलेज स्कीम (MVS) परियोजनाओं की स्थिति बताई गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से जिले के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में दीर्घकालिक, सतत एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में चयनित ग्रामों में 24X7 जल प्रदाय मॉडल लागू किया जा रहा है। जिससे स्वच्छ जल की निरंतर उपलब्धता से जलजनित रोगों में कमी, महिलाओं एवं बच्चों का समय बचना, जिससे शिक्षा व आजीविका में सुधार, ग्राम पंचायतों की भागीदारी से सामुदायिक स्वामित्व में वृद्धि, घरेलू कार्यों में सुविधा एवं जीवन-स्तर में सुधार होगा। इसके लिए ग्राम पंचायत, जल निगम के बीच MOU का प्रारूप भी साझा किया गया। पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से बिलिंग एवं भुगतान, जिले में बल्क वॉटर बिलिंग एवं User Charges Collection को डिजिटल रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा बताया गया कि जिले में पहले फ्लोराइड की समस्या थी, लेकिन सतह जल संचय स्कीम आने से यह समस्या समाप्त हो गई। भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में किये गये कार्य व नवाचार की प्रषंसा की गई। इस दौरान जिले से कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा सहित जल निगम धार के मैनेजर श्री नीरज निलोस, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपस्थित रहे।

# मनुष्य सृष्टि का शिखर है तथा आत्मबोध सृष्टि के आनंद का आधार



परमपिता परमात्मा को हम सत-चित-आनंद कहते हैं। सत् माने सत्य। सत् पुरुष वह ईश्वर है जो स्वयं सृष्टि में वास्तविक भाग नहीं लेता है, बल्कि उत्प्रेरक है। उदाहरणार्थ मैं सब काम कर रहा हूं, लेकिन प्रकाश के बिना मैं कुछ नहीं कर सकता। प्रकाश मेरे कार्य का आधार है, लेकिन प्रकाश किसी भी तरह से मेरे द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कुछ नहीं करता है। इसी प्रकार सर्वशक्तिमान ईश्वर प्रकाश के समान साक्षी मात्र हैं। उनका एक अन्य गुण चित है। यह ध्यान है। जब यह स्पंदित होता है, तब वह अपने ध्यान से रचना करना शुरू कर देते हैं। और उनका एक तीसरा गुण है जिसे हम आनंद कहते हैं। आनंद, अनुभूति है जो उन्हें अपनी धारणा से, अपनी रचना से मिलती है। ये तीनों चीजें - सत्-चित-आनंद - जब ये एक शून्य बिंदु पर होती हैं जहां ये मिलती हैं, तब ये ब्रह्म का सिद्धांत बन जाती हैं। आनंद जब सृष्टि के साथ चलने लगता है, तो सृष्टि शुरू होती है, पहले सत् या सत्य अवस्था से असत् अर्थात् माया से नीचे उतरती है। और उस समय, सृष्टि काम करना शुरू कर देती है और जब यह काम करना शुरू कर देती है, तो भगवान का भावनात्मक पक्ष भी स्थूल और स्थूल होने लगता है। व भौतिक संसार का निर्माण होता है। अब इस प्रक्रिया का एक और हिस्सा तब शुरू होता है जब आप सर्वशक्तिमान ईश्वर को वापस प्राप्त कर रहे होते हैं। धीरे-धीरे स्थूल भाग प्रबुद्ध होने लगते हैं। तो आनंद भी अपनी अभिव्यक्ति को बदलना शुरू कर देता है, और आनंद की व्यापक सीमा आपके हाथ में आ जाती है। अब आप देखते हैं कि कैसे ईश्वर की रचनात्मकता मनुष्य के हाथों में जाती है, कैसे ईश्वर का आनंद मनुष्य के हाथों में जाता है, और कैसे उसका प्रकाश मनुष्य के हृदय में आत्मा के रूप में आता है। उस प्रकाश के कारण हम धर्म की बात करते हैं, हम ईश्वर की बात करते हैं और हम शाश्वत चीजों की बात करते हैं। लेकिन यह आनंद तब तक नहीं हो सकता जब तक कि जागरूकता उस अवस्था तक नहीं पहुंच जाती जहां आप स्वतंत्र हो जाते हैं। स्वतंत्र अर्थात् स्व के तंत्र को समझना, सूक्ष्म व स्थूल शरीर की आपके उत्थान में भूमिका को समझना।

मनुष्य सृष्टि का शिखर है। मनुष्य के रूप में हर चीज में आनंद है। लेकिन आत्मबोध के बाद ही आप सृजन के वास्तविक आनंद को महसूस कर सकते हैं। इस अवस्था को प्राप्त करने का सहजयोग एक सरल व प्रमाणिक माध्यम है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् साधक सत्-चित-आनंद को सहज ही प्राप्त कर लेते हैं तथा नियमित ध्यान धारणा द्वारा हम उत्थान के उच्चतम शिखर पर भी सहज ही पहुंच जाते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# रेड सेण्ड बोआ स्नेक को तस्करो के चंगुल से छुड़ाया,दो व्यक्तियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया

**दिलीप पाटीदार**

धार वन मण्डल अधिकारी श्री विजयानंथम टी.आर. के निर्देशन में वन परिक्षेत्र सरदारपुर ने मुखबीर से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम राजोद तहसील सरदारपुर के अंतर्गत वन स्टॉफ द्वारा घेराबंदी की गई। सुचना अनुसार गत दिवस 2 संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकल से आये। जिसमें एक व्यक्ति के हाथ में बड़ी प्लास्टिक की थैली थी। वन स्टॉफ द्वारा दोनों को रोकने की कोशिश की गई। एक व्यक्ति भीड का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गया। दुसरे व्यक्ति को वन स्टॉफ द्वारा रोक लिया गया। पुछताछ में अपना नाम प्रदीप पिता भगवानसिंह वडियावार एवं दूसरे व्यक्ति का नाम श्याम पिता बाबुलाल बताया गया। दोनों ग्राम खेरवास के निवासी है।

मौके से जप्त थैली को खोला गया, जिसके भीतर गहरे लाल एवं चाकलेटी रंग का सांप जो लगभग 4 फिट लम्बा था, पाया गया। जो एक



सांप रेड सेण्ड बोआ है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत शेड्यूल्ड-1 अंतर्गत सरीसृप प्रजाति में लिस्टेड संरक्षित श्रेणी का वन्यजीव है। जिसका वैज्ञानिक नाम इरिक्स जोहनी है। जप्त सांप का पशुचिकित्सक श्री गामड़ से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। पुछताछ में प्रथम दृष्टया प्रदीप एवं श्याम का अपराध में संलिप्त होना पाया गया। नियमानुसार वन अपराध प्रकरण दर्ज कर प्रदीप को न्यायालय सरदारपुर में पेश किया गया, जहां से प्रदीप को न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। न्यायालय के आदेशानुसार जप्त सांप रेड सेण्ड बोआ को सुरक्षित प्राकृतिक स्थल में छोड़ दिया गया है। यह कार्यवाही विक्रमसिंह निनामा, जोगडसिंह जमरा, मनीषपाल राठोर, अनिल कटारे, मनीष पंवार एवं जुबेरखान द्वारा की गई। संतोष कुमार रनशौरे उप वन मंडल अधिकारी सरदारपुर एवं रेंजर सरदारपुर शैलेन्द्र सोलंकी ने बताया कि रेड सेंड बोआ एक सांप विषहीन, सीधा साधा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वाला वन्यजीव है। जिसे पकडना, बेचना या शिकार करना गंभीर अपराध की श्रेणी में है। इसके साथ ही लोगो से अपील की गई है कि ऐसा कोई कृत्य ना करे एवं कोई भी घटना संज्ञान में आए तो तत्काल वन विभाग को सूचित करे।

## 38वीं इन्फैंट्री कमांडर्स' कॉन्फ्रेंस द इन्फैंट्री स्कूल, महू में संपन्न



**इंदौर। 38वीं इन्फैंट्री कमांडर्स' कॉन्फ्रेंस 09 से 11 दिसम्बर 2025 तक द इन्फैंट्री स्कूल, महू में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम ने की।**

उप सेना प्रमुख, छह सेना कमांडर्स, सत्रह लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारी तथा चौदह मेजर जनरल रैंक के अधिकारी इसमें शामिल हुए। रेजिमेंटल सेंटर कमांडेंट्स ने भी महू में तथा देशभर के सैन्य स्टेशनों से वर्चुअली भाग लिया। सम्मेलन में संचालन, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और तकनीकी उन्नयन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पारम्परिक युद्ध, आतंकवाद विरोधी एवं विद्रोह-रोधी अभियानों में इन्फैंट्री की भूमिका का मूल्यांकन किया गया। भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप इन्फैंट्री की क्षमता बढ़ाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सम्मेलन के दौरान इन्फैंट्री ने अपनी नवीनतम क्षमताओं का प्रदर्शन किया-प्रहारक क्षमता, गतिशीलता, पारदर्शिता, स्थितिजन्य जागरूकता और जीवटता। उन्नत नयी जनरेशन वेपन एवं इक्विपमेंट सिस्टम के प्रदर्शन से इन्फैंट्री की आधुनिक क्षमताओं में विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। यह सम्मेलन अत्यंत सफल रहा तथा वरिष्ठ इन्फैंट्री कमांडर्स एवं युवा कमांडिंग ऑफिसर्स के अनुभव एवं नवाचारपूर्ण सुझावों ने इन्फैंट्री के भविष्य के विकास हेतु ठोस आधार तैयार किया।

## इंदौर वासियों के लिए खुशखबरी! मुफ्त त्वचा एवं बालों का मेगा विशेष शिविर

14 दिसंबर 2025 (रविवार) इंदौर शहर की प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति गुप्ता द्वारा आयोजित मुफ्त स्किन एवं हेयर कैंप में आप बिना एक भी रुपया खर्च किए अपनी त्वचा और बालों की हर समस्या का समाधान पा सकते हैं! क्या मिलेगा इस शिविर में पूरी तरह मुफ्त? एक्सपर्ट डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. स्वाति गुप्ता से व्यक्तिगत परामर्श त्वचा रोग (मुंहासे, दाद-खाज-खुजली, एक्ज़िमा, सोरायसिस, पिग्मेंटेशन आदि) बालों की समस्याएं (गंजापन, बाल झड़ना, डैंड्रफ, सफेद बाल आदि) जरूरत पड़ने पर CBC, Vitamin D ब्लड टेस्ट भी मुफ्त! समयः सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक स्थानः SS Skin & Pedia Clinic पताः 60, स्कीम नंबर 114, पार्ट-1, विजय नगर, इंदौर संपर्क नंबरः 6263895213 (अग्रिम अपॉइंटमेंट के लिए कॉल/व्हाट्सएप करें) डॉ. स्वाति गुप्ता पिछले कई वर्षों से इंदौर में हजारों मरीजों को सफलतापूर्वक ठीक कर चुकी हैं। उनकी सटीक डायग्नोसिस और प्रभावी इलाज के लिए शहर भर में चर्चा है। पहले आओ, पहले पाओ! सीमित मरीजों को ही मौका मिलेगा, इसलिए आज ही कॉल करें और अपना स्लॉट बुक कर लें। त्वचा और बालों की हर तकलीफ से मुक्ति का सुनहरा मौका 14 दिसंबर को जरूर पहुँचें! स्वस्थ त्वचा, घने बाल – अब बिल्कुल मुफ्त!

## महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**

आवेदक- श्री शांतिलाल पिता श्री सुखदेव वसुनिया, माध्यमिक शिक्षक, शासकीय माध्यमिक विद्यालय अम्बापाडा संकुल केन्द्र बोलासा, विकासखण्ड पेटलावद जिला झाबुआ निवासी ग्राम बाकिया पोस्ट झकनावदा तहसील पेटलावद जिला झाबुआ

आरोपी- श्री जामसिंह अमलियार पिता स्व. श्री नानजी अमलियार उम्र 56 वर्ष पद-लेखापाल, कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग झाबुआ निवासी ग्राम माधवपुरा, जिला पुलिस लाईन के पीछे जिला झाबुआ रिश्वत राशि- 14,500/- विवरण आवेदक ग्राम बाकिया पोस्ट झकनावदा तहसील पेटलावद जिला झाबुआ तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अम्बापाडा संकूल केन्द्र बोलासा, विकासखण्ड पेटलावद जिला झाबुआ में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग जिला झाबुआ द्वारा आवेदक को दिनांक 29.10.2025 को योग्य अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना नहीं की जाकर, भाई भतीजावाद करते हुये अयोग्य शिक्षकों को मिलजुलकर पदस्थ करने संबंधी शिकायत के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिवस में प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस पर आवेदक द्वारा दिनांक 30.10.2025 को कारण बताओ सूचना का प्रतिउत्तर सहायक आयुक्त, महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया था। आवेदक के विरूद्ध लंबित शिकायत समाप्त कराने के एवज में जनजातीय कार्य विभाग जिला झाबुआ में पदस्थ लेखापाल श्री जामसिंह अमलियार द्वारा आवेदक से 50,000/- रू. रिश्वत की मांग की गई। आवेदक द्वारा जिसकी शिकायत श्री राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर आज दिनांक 11.12.2025 को ट्रैपदल का गठन किया गया। आरोपी जामसिंह अमलियार, लेखापाल, कार्यालय-सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग झाबुआ को आवेदक से 14,500/- रू. रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।

ट्रेपदल- कार्यवाहक निरीक्षक श्री सचिन पटेरिया, कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती रेनू अग्रवाल, कार्यवाहक प्रआर विवेक मिश्रा, आरक्षक श्री विजय कुमार, आरक्षक श्री मनीष माथुर, आरक्षक पवन पटोरिया, आरक्षक आशीष नायडू।

## सडन डेथ साइलेंट अटैक

**रणजीत टाइम्स**

भारत के हेल्थ विभाग ने इस बारे में सोचना चाहिए कि अचानक युवाओं में साइलेंट अटैक से कैसे मौत होने लगी इतनी मौत का आंकड़ा पहले कभी नहीं रहा। कहीं-कहीं यह बात सच्चाई के साथ दिख रही है कि जब से कोविड के दौरान गलत इलाज और उसके बाद वैक्सीनेशन, ये भी ऐसी मौतो की बड़ी वजह है। क्योंकि इसके बाद खून गाढ़ा होने लगा और उसमें थक्के जम गए।

जो हो गया सो हो गया पर अब स्वास्थ्य विभाग के साथ आम व्यक्ति ने भी इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम घरेलू एवं प्राकृतिक दवाओ से अपने आप को कैसे इस संकट से बचाए। खून पतला रहे और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े यह दो प्राथमिकता समझना होगी और इसके लिए हमें भरसक प्रयास करने होंगे। शारीरिक मेहनत करना होगी डाइट कंट्रोल रखना होगा और घरेलू भोजन का अधिक से अधिक सेवन करे, बाहरी खाना और फैंसी खाने से बचे। आपके ग्रुप सर्कल सोसाइटी में जब भी मीटिंग हो इस बात पर चर्चा करे कि हम रोग प्रतिरोधक क्षमता कैसे बढ़ाएं और कौन-कौन से प्राकृतिक इलाज है। इस बारे में सेमिनार होते रहना चाहिए, टीवी और प्रिंट मीडिया दोनों पर इस बारे में अधिक अधिक डिबेट हो आलेख प्रकाशित हो। घरेलू एवं प्राकृतिक इलाज का एक सघन अभियान चलाना होगा जागरूकता लानी होगी तब इस प्रकार की मौतो पर कुछ कंट्रोल हो सकेगा।

**अशोक मेहता, इंदौर**
**(लेखक पत्रकार पर्यावरणविद्)**

# शिवपुरी में मनाया गया पत्रकार सोहेल खान का जन्मदिनः सुभाष मार्केट के कार्यालय में आत्मीयता और सम्मान से भरा रहा समारोह

शिवपुरी। गुरुद्वारा चौक स्थित सुभाष मार्केट में बुधवार को उस समय सौहार्द्र और उत्साह का अनोखा माहौल देखने को मिला, जब पत्रकार सोहेल खान का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम पत्रकार ऋषि गोस्वामी के कार्यालय पर आयोजित किया गया, जहां शहर के कई प्रमुख पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और साथी बधाई देने पहुंचे। समारोह की शुरुआत केक काटकर की गई, इसके बाद उपस्थित सभी साथियों ने फूलमालाएँ पहनाकर सोहेल खान को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं। पूरा माहौल भाईचारे और पारस्परिक सम्मान की भावना से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में विशेष रूप से वंदे भारत न्यूज़ के ब्यूरो दारा मोहम्मद खान, महाकाल सेना के कुक्कू भैया, रविंद्र कुमार शर्मा, फास्ट समाचार से बबीता परमार, दैनिक रणजीत टाइम, राजनीति 24, सी न्यूज भारत और मध्यप्रदेश हलचल के पत्रकार एवं संवाददाता ऋषि गोस्वामी शामिल रहे। इसके साथ ही दैनिक सत्यालेख से जुड़े पत्रकार इरशाद खान ने भी



उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सभी पत्रकारों और साथियों ने सोहेल खान के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और सफल करियर की कामना की। जन्मदिन समारोह के दौरान वातावरण पूरी तरह दोस्ताना और स्नेह से भरा हुआ था। सभी साथियों के बीच मेल-मिलाप और सौहार्द्र की अनूठी झलक देखने को मिली, जिसने यह स्पष्ट किया कि पत्रकारिता केवल पेशा ही नहीं बल्कि एक परिवार की तरह भी जुड़ाव का माध्यम है। इस अवसर पर सोहेल खान ने सभी उपस्थित साथियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जो सम्मान, प्रेम और समर्थन उन्हें मिला है, वह उनके लिए प्रेरणा का कार्य करेगा और आगे भी समाज तथा पत्रकारिता के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को निभाने में ऊर्जा प्रदान करेगा।

# आज रेलवे स्टेशन अजनोद पर ग्रीन फील्ड संघर्ष समिति की बैठक हुई सम्पन




**खुशबू श्रीवास्तव**

दिनांक 17 दिसंबर को एक भव्य वाहन रैली और कोर्ट के माध्यम से रोड निरस्तीकरण की ओर आगे बढ़ना आज हमारी लड़ाई किसी भी पार्टी या किसी भी नेता से नहीं है हमारी लाइफ सिर्फ हमारी धरती मां को बचाने के लिए है ग्रीन फील्ड संघर्ष समिति के सभी किसान भाई अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में बाइक रैली के रूप में किसानों को जोड़ना है चाहे जितना भी लड़ाई लड़नी पड़े हम किसान भाई पीछे नहीं हटेंगे यह प्रण कर लीजिए आज बैठक में जो किसान आए वह 24 कैरेट के किसान थे एकदम प्योर जो लड़ने के लिए हर पल तैयार रहते हैं आज जो भी किसान बैठक में आए मैं उनका हृदय से धन्यवाद करता हूं और हमारे बीच उज्जैन से पधारे हमारे राजेश जी भाई साहब और नरेंद्र जी आंजना भाई साहब का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ मैं उनका भी हृदय से धन्यवाद करता हूं।

## गोर बंजारा दल इंदौर में नई नियुक्ति पवन पवार बने इन्दौर कार्यकारिणी के अध्यक्ष

**राजेश धाकड़**



इंदौर। गोर बंजारा दल इंदौर द्वारा संगठन विस्तार एवं मजबूत नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्री पवन पवार जी को कार्यकारिणी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए इस निर्णय का सदस्यों ने स्वागत किया। पवन पवार जी लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं तथा बंजारा समाज के उत्थान और एकता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नियुक्ति के बाद पवन पवार जी ने संगठन द्वारा जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में गोर बंजारा दल इंदौर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा और समाज हित में उल्लेखनीय कार्य करेगा।

# आईएएस संतोष वर्मा की विवादित टिप्पणी के बाद एकजुट हुआ एमपी का ब्राह्मण समाज

### आज से तीन दिवसीय आंदोलन की घोषणा, 14 दिसंबर को सीएम हाउस का घेराव करेंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के बाद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से आक्रोशित ब्राह्मण समाज ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मध्यप्रदेश के 65 ब्राह्मण संगठन इस घटना को लेकर एकजुट हो गए हैं और उन्होंने 'ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा' का गठन कर तीन दिवसीय आंदोलन की घोषणा की है। ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा के संयोजक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि 12 दिसंबर से तीन दिन तक अलग अलग तरह से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और तीसरे दिन अन्य सभी समाज के लोगों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ किसी वर्ग विशेष की महिलाओं का नहीं, बल्कि सभी महिलाओं के सम्मान से जुड़ा मुद्दा है।

**संतोष वर्मा के खिलाफ एकजुट हुआ ब्राह्मण समाज-** मध्यप्रदेश के 65 ब्राह्मण संगठन आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव से उनके इस्तीफे की मांग करते हुए 'ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा' के संयोजक वीरेंद्र शर्मा ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि संतोष वर्मा पर इतने दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है इसे लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि दुराचार का आईएएस अधिकारी मां बहनों के लिए इतने घृणित शब्दों का प्रयोग करता है कि जिस मंच का वो दुरुपयोग कर रहा था उसके वास्तविक अध्यक्ष भी उनकी निंदा करते हैं। उनका समाज भी उनकी निंदा करता है। बीजेपी कांग्रेस के तमाम नेता



उनकी निंदा करते हैं। लेकिन सरकार की चुप्पी अचरज का विषय है। ये अचरज अब आक्रोश में बदलता जा रहा है। बिहार विधानसभा में इस मामले की गूंज उठी लेकिन मध्यप्रदेश विधानसभा में एक भी विधायक ने इसे लेकर कोई सवाल नहीं किया। ये बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि ये बात सिर्फ किसी वर्ग विशेष की महिलाओं के सम्मान की नहीं है। जब हम कन्या पूजन करते हैं तो ये नहीं देखते कि कौन सी बच्ची किस वर्ग या समाज की है। ऐसे में कोई जहरीला व्यक्ति ऐसे उद्गार प्रकट करता है और कानून अपना काम नहीं करता तो आक्रोश होना स्वाभाविक है।

**तीन दिवसीय आंदोलन का ऐलान-** ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा के संयोजक वीरेंद्र शर्मा ने इस आंदोलन की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे वल्लभ भवन पर पुजारियों की नेतृत्व में शंख बजाकर सोई हुई सरकार को जगाने के लिए शंखनाद किया जाएगा। इसके बाद उसी शाम साढ़े सात बजे महाराणा प्रताप नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर ब्राह्मण समाज के लोग एकत्र होंगे और शंखनाद कर इस लड़ाई में क्षत्रिय समाज के साथ अन्य समाज का सहयोगी मांगेंगे। 13 दिसंबर को हर समाज के वर्ग से फोन के माध्यम से और घर-घर जाकर संपर्क साधा जाएगा और उनसे सहयोग मांगा जाएगा कि वह 14 तारीख को होने वाले मुख्यमंत्री निवास के घेराव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। इसके बाद 14 दिसंबर को दोपहर बारह बजे रोशनपुरा से मुख्यमंत्री निवास के लिए कूच किया जाएगा और मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

# फर्जी 'निकिता' आईडी से मौत तक का खेल

## पुलिस मुखबिर के खुलासे से सिस्टम में भूचाल

**नीमच।** नीमच-मंदसौर क्षेत्र में पुलिस की साख पर बट्टा लगाने वाले एक बड़े ब्लैकमेलिंग गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। यह मामला सिर्फ अपराध तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस तंत्र और उसके मुखबिरों के रिश्तों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। मनासा पुलिस ने भाटखेड़ी निवासी पंकज धनगर और उसके साथी कैलाश रेगर को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी पंकज, जो पुलिस का मुखबिर बताया जा रहा है, खाकी वर्दी के रसूख का इस्तेमाल कर अपना आपराधिक साम्राज्य चला रहा था। इस गिरोह के कारनामे तब उजागर हुए जब एक बेगुनाह युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Instagram पर लड़कियों के नाम से फर्जी आईडी बनाकर युवकों को अपने जाल में फंसाने का काम शुरू किया था। इसी कड़ी में ग्राम बर्डिया जागीर के रहने वाले मोहित पाटीदार को निशाना बनाया गया।

**'निकिता' नाम से फंसाया, फिर शुरू हुआ वसूली का खेल-** पुलिस जांच के मुताबिक, गिरोह ने 'निकिता' नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई थी। इसके जरिए मोहित पाटीदार को



बातचीत के जाल में फंसाया गया। जब मोहित पूरी तरह इनके चंगुल में आ गया, तो पंकज धनगर खुद को लड़की का परिजन और कभी पुलिसकर्मी बताकर मोहित के घर जा धमका। आरोपी ने मोहित को डरा-धमकाकर अवैध पैसों की मांग शुरू कर दी। पुलिसिया रौब और लगातार मिल रही धमकियों से मोहित मानसिक रूप से टूट गया। अंततः इस दबाव को न झेल पाने के कारण उसने आत्महत्या कर ली। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

**वर्दी के साथ फोटो और वॉकी-टॉकी का दिखावा-** इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू आरोपी पंकज धनगर की जीवनशैली है। वह सोशल मीडिया पर खुलेआम पुलिसिया रुतबा झाड़ता था। कभी रिवॉल्वर के साथ, कभी पुलिस के वॉकी-टॉकी के साथ, तो कभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उसकी तस्वीरें वायरल होती रहीं। ये तस्वीरें सिर्फ शौक नहीं, बल्कि उसके 'अघोषित पुलिसकर्मी' होने का प्रमाण बन गई थीं। वह इन तस्वीरों का इस्तेमाल आम लोगों में अपना खौफ पैदा करने के लिए करता था। सवाल उठ रहा है कि एक मुखबिर को पुलिसिया संसाधनों के उपयोग की इतनी खुली छूट किसने दी?

**डीआईजी ने लिया संज्ञान, व्हाट्सएप ग्रुप में दिए निर्देश-** मामले की गंभीरता और पुलिस की छवि धूमिल होते देख विभाग हरकत में आया है। डीआईजी निमिष अग्रवाल ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से एक व्हाट्सएप ग्रुप में पुलिसकर्मियों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। डीआईजी निमिष अग्रवाल ने कहा पुलिस अधिकारी व कर्मचारी ऐसे संदिग्ध या बदनाम तत्वों के साथ फोटो न खिंचवाएं। इस निर्देश का सख्ती से पालन किया जाए। डीआईजी का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि विभाग ने अपनी चूक स्वीकार कर ली है और अब डैमेज कंट्रोल की कोशिश की जा रही है। भविष्य में पुलिस और बाहरी व्यक्तियों के अनौपचारिक संबंधों पर अब ज्यादा कड़ी निगरानी रखने की बात कही जा रही है।

**पहले भी दर्ज हैं कई मामले-** जांच में पता चला है कि आरोपियों के खिलाफ मंदसौर, रतलाम और नीमच में पहले भी ब्लैकमेलिंग और वसूली के कई मामले सामने आ चुके हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि गिरोह को लंबे समय से किसी न किसी स्तर पर संरक्षण या अनदेखी का लाभ मिल रहा था। मोहित पाटीदार की मौत ने पुलिस को अपने मुखबिर तंत्र की समीक्षा करने पर मजबूर कर दिया है। अब देखना होगा कि इस मामले में आगे और कितनी सख्त कार्रवाई होती है ताकि जनता का भरोसा बहाल हो सके।

## जो वंदेमातरम नहीं गाता वो गद्दार है, नहीं गा सकते तो पाकिस्तान चले जाओ : मंत्री विश्वास सारंग



**भोपाल।** राष्ट्रगीत वंदेमातरम को लेकर विपक्ष द्वारा किए जा रहे विवाद पर भाजपा नेताओं की कड़ी प्रतिक्रिया सामने या रही हैं। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए विरोध करने वालों को गद्दार बताया और सलाह दी कि वे इसे नहीं गया सकते तो पाकिस्तान चले जाएं। वंदे मातरम की 150वीं एनिवर्सरी पर संसद में 10 घंटे चर्चा हुई, प्रधानमंत्री ने इसके साथ छेड़छाड़ की बात काही और कांग्रेस को निशाने पर लिया जिसने देश की सियासत में तूफान ला दिया, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के अधिकांश नेताओं ने इसे गैर जरूरी बताया और संसद का समय बर्बाद करने वाला बताया। कांग्रेस सहित अन्य दलों में मुस्लिम सांसदों, विधायकों सहित अन्य बड़े नेताओं ने भी वंदेमातरम की चर्चा को गैर जरूरी बताया उन्होंने देश की वर्तमान समस्याओं पर से जनता का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक आरिफ़ मसूद भी उन नामों से एक हैं जो स्पष्ट कह चुके हैं कि मैं वंदेमातरम नहीं गाऊँगा, मेरा मजहब इसकी इजाजत नहीं देता। राष्ट्रगीत के विरोध के बीच मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है, मीडिया से बात करते हुए सारंग ने कहा, एक बात स्पष्ट है हिंदुस्तान में रहना है तो वंदेमातरम गाना ही होगा, उन्होंने कहा वंदेमातरम राष्ट्र के सम्मान का सूचक है।

**वंदेमातरम आजादी की लड़ाई के संघर्ष का प्रतीक-** मंत्री सारंग ने कहा वंदेमातरम वो राष्ट्रीयता का सम्मान है जिसको आत्मसात करते हुए अनेक क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, वंदेमातरम आजादी और आजादी की लड़ाई के संघर्ष का प्रतीक है और जो लोग यह कहते हैं कि वंदेमातरम नहीं गायेंगे वो गद्दारों की श्रेणी में हैं।

**धार्मिक उन्माद फैलाना, अब नहीं चलेगा-** मंत्री विश्वास सारंग ने कहा हिंदुस्तान में रहकर अगर वंदेमातरम गाने में परहेज है तो पाकिस्तान चले जाओ, फिरकापस्ती की बातें करना, धार्मिक उन्माद फैलाना, तुष्टीकरण की राजनीति करके चुनाव लड़ना और जीतने की कोशिश करना, यह अब देश में नहीं चलेगा।

# लोकयुक्त की कार्रवाई : शिकायत का निपटारा करने एकाउंटेंट ने मांगी 50 हजार रुपये की रिश्वत, रंगे हाथ गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने एक एकाउंटेंट को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय इंदौर से मिली जानकारी के मुताबिक झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय अम्बापाडा संकुल केन्द्र बोलासा, विकासखण्ड पेटलावद में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक शांतिलाल वसुनिया ने एक शिकायती आवेदन उनके कार्यालय में दिया था। शिकायती आवेदन में शिक्षक शांतिलाल ने जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय झाबुआ में पदस्थ लेखापाल जामसिंह अमलियार पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए, आवेदन में शिक्षक ने कहा उसने 29 अक्टूबर को अतिथि शिक्षकों की भर्ती में भाई भतीजावाद के आरोप लगाए थे और उसकी शिकायत की थी जिसके चलते उसे विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। शिक्षक शांतिलाल ने बताया कि नोटिस का जवाब उन्होंने दी गई दो दिन की अवधि में ही दे दिया था लेकिन सहायक आयुक्त कार्यालय



जनजातीय कार्य विभाग के कार्यालय के एकाउंटेंट लेखापाल जामसिंह अमलियार ने उनकी शिकायत के निराकरण करवाने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की, लेकिन दोनों एक बीच 20 हजार रुपये में सौदा फिक्स हो गया।

**रिश्वत हाथ में आते ही एकाउंटेंट गिरफ्तार**- शिक्षक की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने एक्शन लिया और इसका सत्यापन कराया, सत्यापन में एकाउंटेंट ने 20 हजार रुपये रिश्वत की बात काही और आज रिश्वत की राशि देने की बात कही, दोनों के बीच हुई बातचीत के आधार पर लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम आज निर्धारित समय पर झाबुआ पहुँच गई, पहली किस्त के रूप में शिक्षक शांतिलाल ने जैसे ही 14,500 रुपये एकाउंटेंट को दिए लोकयुक्त पुलिस ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

## पुलिस ने डीजे साउंड संचालकों को दी कड़ी हिदायत

इंदौर। शहर में ध्वनि नियंत्रण संबंधी न्यायालयीन निर्देशों को लागू कराने के लिए जोन 3 पुलिस ने साउंड ऑपरेटरों की बैठक लेकर स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन हुआ तो सीधे कार्रवाई होगी। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह द्वारा शहर में डीजे साउंड संचालन को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के आदेश जारी किए गए हैं जिसके तहत रानी सराय स्थित जोन 3 कार्यालय में डीसीपी राजेश व्यास ने बैठक आयोजित की। बैठक में एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा, एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह, एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी सहित एमजी रोड, कोतवाली, तुकोगंज, संयोगितागंज, छोटी ग्वालटोली, पलासिया, बाणगंगा और हीरानगर थानों के प्रभारी मौजूद रहे। जोन 3 क्षेत्र के लगभग 50 से 60 डीजे साउंड संचालक बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने उन्हें अदालतों द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा, समयबद्ध संचालन और अनुमतियों से जुड़े दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। सभी संचालकों को नोटिस तामील कराते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई कि किसी भी तरह की लापरवाही या नियम उल्लंघन की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साउंड संचालकों ने बैठक में आश्वासन दिया कि वे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के सभी निर्देशों का पूर्ण पालन करेंगे।

## इंदौर में ट्रैफिक व लॉजिस्टिक्स सुधार की बड़ी पहल- सिटी लॉजिस्टिक्स पायलट प्रोजेक्ट के लिए केंद्र का दल पहुंचा, कलेक्टर ने दी विस्तृत जानकारी

इंदौर। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक और सुचारू बनाने तथा सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान को लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। सांसद शंकर लालवानी द्वारा हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से की गई मांग के बाद केंद्र सरकार की गति शक्ति और एशियन डेवलपमेंट बैंक की संयुक्त टीम मंगलवार को सर्वे और मूल्यांकन के लिए इंदौर पहुंची। कलेक्टर कार्यालय में सांसद शंकर लालवानी, कलेक्टर शिवम वर्मा और संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान के क्रियान्वयन, सर्वे के दायरे, प्रमुख बिंदुओं और आगामी वर्कशॉप की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर की वर्तमान यातायात स्थिति, शहर के विकास से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट और भविष्य की आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी टीम के सामने रखी। उन्होंने बताया कि शहर में लॉजिस्टिक्स और ट्रैफिक मैनेजमेंट को एकीकृत करने के लिए यह प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण होगा। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर में ट्रैफिक व्यवस्था एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। साथ ही, प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के कारण सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान आवश्यक है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए देश के आठ प्रमुख शहरों का चयन किया है, जिनमें इंदौर भी शामिल है।

## अग्रसेन चौराहा विवाद : हाट हटाने पर तनाव, मनीष मामा के हस्तक्षेप से स्थिति शांत

इंदौर। शहर के व्यस्त अग्रसेन चौराहे पर गुरुवार शाम उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब नगर निगम की टीम हाट हटाने पहुँची। सड़क और लेफ्ट टर्न पर लगने वाली दुकानों के कारण लगातार ट्रैफिक जाम की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते निगम एक्शन लेने पहुँचा था। लेकिन जैसे ही कर्मचारी हाट हटाने लगे, कई दुकानदारों ने आपत्ति जताई और मामला गर्माते हुए विवाद की स्थिति बन गई। इसी दौरान खबर मिलते ही एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा मामा मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचते ही स्थिति कुछ शांत हुई और उन्होंने बिना देर किए दुकानदारों व निगम कर्मचारियों दोनों से बात करनी शुरू की। मनीष मामा ने दुकानदारों को समझाया कि निगम का उद्देश्य किसी



का रोज़गार छीनना नहीं है, बल्कि ट्रैफिक को सुचारू रखना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने दुकानदारों से यह भरोसा दिलाया कि हाट को बंद नहीं किया जा रहा है, केवल इतना किया जा रहा है कि गलत जगह लगी दुकानों को हटाकर सभी को एक व्यवस्थित स्थान पर लगाया जाए, ताकि सड़क खुली रहे और ट्रैफिक भी प्रभावित न हो।

**सड़क और लेफ्ट टर्न खाली कराने का फैसला**- निगम अधिकारियों और एमआईसी सदस्य ने चौराहे का निरीक्षण करते हुए यह तय किया कि सड़क और लेफ्ट टर्न पर लगी दुकानों को तुरंत अंदर शिफ्ट किया जाएगा। उसके बाद कर्मचारियों ने मौके पर ही व्यवस्थित रूप से हाट की नई लाइनिंग तैयार करवाई, ताकि हर दुकानदार को जगह मिले और यातायात को भी कोई बाधा न हो। दुकानदारों ने भी मनीष मामा की समझाइश के बाद सहयोग किया और धीरे-धीरे अपनी दुकानें नए निर्धारित स्थान पर लगाने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे पर लंबे समय से ट्रैफिक की समस्या बनी हुई थी और हाट को इस तरह व्यवस्थित किए जाने से आने-जाने में काफी राहत मिलेगी।

**पहले जानकारी मिलती तो खुद शिफ्ट कर लेते दुकानें**- विवाद के दौरान कई दुकानदारों ने यह भी कहा कि वे निगम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि अचानक कार्रवाई होने से परेशानी बढ़ती है। उनका मानना था कि अगर पहले से जानकारी दे दी जाती या किसी प्रतिनिधि के माध्यम से समझाया जाता, तो वे खुद ही अपनी दुकानें सही जगह शिफ्ट कर लेते। हालांकि, मनीष मामा के हस्तक्षेप के बाद माहौल में तनाव कम हुआ और सारी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।

## इंदौर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में बिजली गुल, डॉक्टर मोबाइल टॉर्च से इलाज करते दिखे; वीडियो वायरल, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल




इंदौर। इंदौर से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवायए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है।

इस वीडियो ने अस्पताल की व्यवस्था और सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। वीडियो में डॉक्टर अंधेरे में, जी हां पूरे अंधेरे में। मोबाइल की टॉर्च के सहारे मरीज का इलाज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये हालात देखकर बड़े अस्पतालों की तैयारी और व्यवस्थाओं पर सीधा सवाल खड़ा हो रहा है। यह वीडियो अस्पताल की ओपीडी का बताया जा रहा है, जहां बिजली गुल होते ही पूरा कमरा काला अंधेरा हो गया। न इन्वर्टर चला, न बैकअप लाइट और डॉक्टर मजबूरी में फोन की टॉर्च जलाकर इलाज करते दिखाई दिए। वहां मौजूद अन्य मरीज भी अंधेरे में परेशान होते रहे। वीडियो सामने आते ही लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर करोड़ों के बजट वाले इस अस्पताल में बेसिक बिजली बैकअप तक क्यों नहीं है? सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिखाई देता है कि एक गरीब महिला का इलाज टॉर्च के सहारे किया जा रहा है। मरीजों का कहना है कि उन्होंने शिकायत की, लेकिन नर्सिंग स्टाफ और प्रशासन ने सुनवाई तक नहीं की। इस दौरान कई मरीज लाइन छोड़कर बाहर निकलते दिखे, क्योंकि न कोई रोशनी थी, न कोई व्यवस्था। एमवायएच अधीक्षक अशोक यादव ने स्वीकार किया कि वीडियो असली है और यह बुधवार सुबह का ही है। उनका कहना है कि एमपीईबी द्वारा कैंसर अस्पताल ब्लॉक में तकनीकी कार्य के चलते कुछ मिनटों के लिए बिजली गई थी। लेकिन सवाल यह है कि अगर बिजली कुछ ही मिनटों के लिए गई थीउ तो फिर ओपीडी में अंधेरा क्यों छा गया? अस्पताल का बैकअप सिस्टम आखिर गया कहां?

## इंदौर में शुरू हुई स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा, युवाओं में स्वावलंबन और स्वदेशी का संकल्प जगाने का आह्वान

इंदौर। नागपुर से प्रारंभ हुई स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा आज इंदौर पहुँची, जहाँ स्वदेशी जागरण मंच और CAIT के पदाधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया। प्रोफेसर डॉ. विशाल पुरोहित ने बताया कि यह यात्रा युवाओं और नागरिकों के मन में स्वदेशी का भाव जगाने तथा वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को चुनौती नहीं, बल्कि अवसर के रूप में लेने का संदेश दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए स्वदेशी जीवन शैली को अपनाना आवश्यक है। स्व भाषा, स्व भूषा, स्व भोजन और स्व भजन को जन-जन तक पहुँचाना ही इस अभियान का लक्ष्य है। स्वदेशी जागरण मंच और CAIT का मानना है कि यदि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है तो विदेशी



उत्पादों पर निर्भरता कम कर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना होगा। यात्रा के माध्यम से नागरिकों को यह संकल्प दिलाया जा रहा है कि वे बाजार में स्वदेशी सामान को प्राथमिकता देंगे और युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करेंगे। देशभर में 40 रथों के साथ 1 दिसंबर से 30 दिसंबर तक चलने वाली यह यात्रा मालवा प्रांत के 15 जिलों में 3 से 18 दिसंबर तक भ्रमण करेगी। इंदौर में 10 और 11 दिसंबर को यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में पहुँची, जहाँ अलका सैनी, प्रो. डॉ. विशाल पुरोहित, उमेश तिवारी, रमेश गुप्ता, धीरेंद्र पटेल, महावीर जैन, अक्षय जैन, मनीष निगम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। व्यापारिक संगठनों और समाजजनों ने रथ यात्रा का स्वागत किया। यह अभियान देश में स्वदेशी माहौल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हरमनप्रीत कौर-युवराज सिंह को सम्मान क्रिकेट स्टेडियम में बनेगा उनके नाम का स्टैंड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर मोहाली में स्थित मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम रखने की घोषणा की है। उनके साथ युवराज सिंह के नाम पर भी यहां स्टैंड का उद्घाटन होगा।

इसके अलावा, हरमनप्रीत कौर के साथ अमनजोर कौर को इनामी राशि भी दी जाएगी। भारतीय क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और खिलाड़ियों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर आज कई स्पोर्ट्स प्लेटफ़ॉर्म, जैसे Betwinner India, भी खास नज़र रख रहे हैं, जो भारतीय खेलों में लगातार बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाता है। पीसीए के कार्यवाहक सचिव सिद्धार्थ शर्मा ने आईएएनएस से कहा, 'इन खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप जीतने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। हमने उनके नाम पर एक स्टैंड की घोषणा की है। 11 दिसंबर को भारत-साउथ अफ्रीका मैच में इसका उद्घाटन होगा।' उन्होंने कहा, 'यहां दो बार के वर्ल्ड कप चैंपियन युवराज सिंह के नाम से स्टैंड का भी उद्घाटन होगा। हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर को इनामी राशि दी जाएगी। यह स्टैंड न्यू मुल्लापुर में नए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। यह उनके लिए एक छोटी सी चीज है, उन्होंने पूरे देश को विश्व कप खिताब जिताया है।

यह उनकी उपलब्धि के लिए हमारी तरफ से एक छोटी सी भेंट है।' सिद्धार्थ शर्मा मानते हैं कि इन महिला खिलाड़ियों को देखकर ही युवा लड़कियां भी इस खेल से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा, 'विमेंस क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिगेज जैसी खिलाड़ियों को देखकर ही युवा आगे आएंगी। इससे उन्हें प्रेरणा मिलेगी।

जब युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी, तभी महिला क्रिकेट आगे बढ़ेगा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने नवी मुंबई में 2 नवंबर को खेले गए महिला विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया था। यह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का पहला विश्व कप खिताब था। इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 45.3 ओवरों में महज 246 रन पर सिमट गई।

# भारतीय खिलाड़ियों पर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा का सनसनीखेज आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा अपने बयान की वजह से हमेशा चर्चा में रही हैं। गुजरात के पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें जीत मिली और वह विधायक बन गईं। कुछ समय पहले ही उन्हें मंत्री मंडल में शामिल किया गया है। वह गुजरात की शिक्षा मंत्री हैं। इस बीच रिवाबा ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसपर हर तरफ चर्चा शुरू हो गई है। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर बड़े आरोप लगाए हैं।

### पति की तारीफ करते हुए रिवाबा ने आरोप लगाए

रिवाबा जडेजा ने अपने पति रविंद्र जडेजा की तारीफ के दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ियों पर आरोप लगा दिए। रिवाबा के अनुसार भारतीय खिलाड़ी विदेशों में जाकर गलत काम करते हैं। एक कार्यक्रम में स्टेज पर बोलते हुए रिवाबा ने कहा- मेरे पति को लंदन, दुबई, ऑस्ट्रेलिया जैसे अनेकों देशों में खेलने के लिए जाना होता है फिर भी आज दिन तक उन्होंने कभी व्यसन नहीं किया। टीम के बाकी सारे खिलाड़ी गलत काम करते हैं।

### राजस्थान के लिए खेलेंगे जडेजा

आईपीएल 2026 में रविंद्र जडेजा राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन वह चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें ऑक्शन से पहले राजस्थान के साथ ट्रेड कर लिया है। संजू सैमसन के बदले राजस्थान को जडेजा और सैम करन मिले। जडेजा ने 2008 में राजस्थान की तरफ से ही आईपीएल डेब्यू किया था। अब वह एक बार फिर टीम के लिए खेलते नजर आएंगे।

# खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करने पर बोले, डिविलियर्स


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, 'इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं।



# वेलिंगटन टेस्टः न्यूजीलैंड ने पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 73 रन की बढ़त बनाई

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट वेलिंगटन में खेला जा रहा है। दूसरे दिन न्यूजीलैंड की पहली पारी 278 रन पर समाप्त हुई। पहली पारी के आधार पर कीवी टीम ने वेस्टइंडीज पर 73 रन की बढ़त बनाई है। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 24 रन से की थी। 36 के स्कोर पर उन्हें कप्तान टॉम लैथम के रूप में पहला झटका लगा। वह 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे ने 108 गेंद पर 8 चौकों की मदद से 60 और विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे ने 93 गेंद पर 1 छक्का और 9 चौकों की मदद से 61 रन बनाए। इन दोनों के अलावा केन विलियमसन ने 37, डेरिल मिचेल ने 25 रन बनाए। जकारी फॉल्क्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। ब्लेयर टिकनर इंजरी की वजह से बल्लेबाजी करने नहीं आए। इस वजह से न्यूजीलैंड को अपनी पारी 9 विकेट पर 278 रन बनाकर घोषित करनी पड़ी। वेस्टइंडीज के लिए एंडरसन फिलिप ने 3, केमार रोच ने 2 विकेट लिए। जायडन सिल्स, ओजे शिल्ड्स, जस्टिन ग्रिव्स और रोस्टन चेज को 1-1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज की पहली पारी 205 रन पर समाप्त हुई थी। शाई होप ने सर्वाधिक 47 और जॉन कैंपबेल ने 44 रन की पारी खेली थी। ब्रैंडन किंग ने 33 और रोस्टन चेज ने 29 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने 4, माइकल रे ने 3, जैकब डफी और ग्लेन फिलिप्स ने 1-1 विकेट लिए थे। रिपोर्ट लिखे जाने तक वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 7 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 24 रन बना लिए थे। जॉन कैंपबेल 27 गेंद पर 14 रन बनाकर माइकल रे की गेंद पर बोल्ड हुए।






### दीपों और रोशनी से सजा कार्यक्रम

नृत्य खत्म होने के बाद दीपों और रोशनी के बीच 'अवतार : फायर एंड ऐश' का नाम देवनागरी लोगो में दिखाया गया। जैसे ही यह नाम सामने आया, घाट पर तालियां गूंज उठीं। यह पहली बार है जब 'अवतार' फिल्म टाइटल देवनागरी लिपि में इस तरह सामने रखा गया है।

# अरे दादा गोरी मेम को डकैत उड़ा ले गाओ...

### अनीता भाभी को Dhurandhar में देखकर लोटे तीनों आशिकों के सीने पर सांप, वायरल हुए मीम्स



हाल ही में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज हुई है. फिल्म के कुछ सीन्स में सीरियल भाभी जी घर पर हैं की अनीता भाभी नजर आई हैं. जिसके बाद से ही अनीता भाभी के फनी मीम्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं.

# पुराने वाहनों को दी गई राहत वापस लीजिए

## सुप्रीम कोर्ट से ऐसा क्यों बोला सीएक्यूएम?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से पुराने वाहनों को राहत वाला आदेश वापस लेने की गुजारिश की है। सीएक्यूएम ने जहरीली हवा का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से यह अनुरोध किया है। सीएक्यूएम ने सुप्रीम कोर्ट से 12 अगस्त को दिए गए अपने निर्देश की समीक्षा करने को कहा है, जिसके तहत दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन चलाने वालों के खिलाफ कोई जबरन कार्रवाई न करने का आदेश दिया गया था। अगस्त में कोर्ट ने प्रभावी रूप से अपने अक्टूबर 2018 के आदेश पर रोक लगा दी थी। 2018 का यह आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के 2014 के फैसले को सही ठहराता था, जिसका उद्देश्य इस जहरीली हवा से निपटने के लिए प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों से हटाना था। आयोग ने कहा कि सर्दियों के महीनों में लगातार खराब वायु गुणवत्ता को देखते हुए इस तरह के अल्पकालिक उपाय आवश्यक हैं। आयोग ने एक दीर्घकालिक उपाय का प्रस्ताव भी दिया। इसके तहत, लक्ज़री सेगमेंट के वाहनों, डीजल कारों और 2000 सीसी क्षमता या उससे अधिक की एसयूवी पर लगाए जा रहे पर्यावरण मुआवजा शुल्क को वर्तमान 1 प्रतिशत से अधिक करने का सुझाव दिया गया है। आयोग ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में आमतौर पर खराब वायु गुणवत्ता के लिए वाहनों से होने वाला प्रदूषण सबसे महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं में से एक है। इसमें यह भी जोड़ा गया कि पुराने हो चुके वाहनों का उपयोग हमेशा से चिंता का विषय रहा है। एनजीटी ने 2014-2015 में एनसीआर में पुराने हो चुके वाहनों को प्रतिबंधित करने के लिए कई आदेश पारित किए थे। कोर्ट के आदेश के अनुसार, ऐसे वाहनों को जब्त किया जाना था। सीएक्यूएम ने बताया कि बी एस सेकंड मानक वाले वाहन 15 साल से अधिक समय से, बी एस सेकंड 20 साल से अधिक समय से, और बी एस-वन 24 साल से अधिक समय से उपयोग में हैं। आयोग ने विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में असाधारण स्थिति का हवाला दिया, जो प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषकों के खराब फैलाव के कारण होती है, और उत्सर्जन मानकों के आधार पर प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। सीएक्यूएम ने कहा कि लगभग 93 प्रतिशत वाहन हल्के मोटर वाहन और दोपहिया वाहन हैं। आयोग ने आगे कहा कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का सबसे बड़ा हिस्सा यही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच (पीठ) की ओर से दिल्ली में वायु प्रदूषण के मामले की सुनवाई के लिए सीएक्यूएमकी रिपोर्ट पर विचार किए जाने की उम्मीद है। 2014 और 2018 के आदेशों को कभी भी सख्ती से लागू नहीं किया गया था। भारतीय जनता पार्टी, जो इस साल दिल्ली में सत्ता में आई और जिसने प्रदूषण को अपने चुनावी मुद्दों में से एक बनाया था,





## सीएपीएफ भर्ती से जुड़े केस में दी बड़ी राहत

# 4 एमएम कम हाइट वाला बन सकेगा कमांडर






**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) भर्ती से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में उम्मीदवार को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि महज 0.4 सेंटीमीटर कम लंबाई होने के आधार पर किसी योग्य उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से बाहर करना अनुचित और अवैध है। हाईकोर्ट ने कहा कि 164.6 सेंटीमीटर लंबाई को 165 सेंटीमीटर माना जाना चाहिए। जस्टिस सी. हरि शंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने कहा कि भर्ती नियमों के मुताबिक, 0.5 सेंटीमीटर से कम का अंतर नजरअंदाज किया जाना चाहिए। वहीं, 0.5 सेंटीमीटर या उससे अधिक होने पर लंबाई को एक मान लिया जाता है। इसलिए उम्मीदवार की 164.6 सेंटीमीटर की लंबाई को सीधे 165 सेंटीमीटर माना जाना चाहिए था। बेंच ने अपने आदेश में कहा कि सीएपीएफ भर्ती के लिए मेडिकल जांच टेस्ट को लेकर जारी दिशानिर्देश में भी कहा गया है कि 0.5 सेंटीमीटर से कम लंबाई के अंतर को नजरअंदाज किया जाएगा। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया था कि सीएपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट पद के लिए आवेदन के दौरान उसकी लंबाई 164.6 सेंटीमीटर नापी गई, जिसके कारण उसे अयोग्य घोषित कर दिया गया। हाईकोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया गलत मानते हुए उम्मीदवार को आगे की चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दे दी है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि भर्ती के अन्य चरणों को उम्मीदवार को स्वयं पास करना होगा, तभी अंतिम नियुक्ति पर निर्णय लिया जाएगा। इस मामले में याचिका को प्रथम दृष्टया उम्मीदवार के पक्ष में पाते हुए हाईकोर्ट की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता, ट्रांसपोर्टरों व ट्रैफिक पुलिस से वसूली करने वाले 2 गिरोह पकड़े



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने राजधानी में ट्रांसपोर्टरों से संगठित तरीके से वसूली करने वाले दो गिरोहों का भंडाफोड़ करते हुए सरगनाओं सहित कई गुर्गों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह कॉमर्शियल वाहनों को फर्जी मार्का/स्टिकर बेचते थे और मॉर्फ्ड वीडियो बनाकर ट्रांसपोर्टरों के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों तक से वसूली करते थे। पुलिस ने छापेमारी के दौरान इनके कब्जे से 200 से अधिक नकली मार्का/स्टिकर बरामद किए हैं। पहले गिरोह का सरगना जीशान अली है, जो नो-एंट्री प्रतिबंध के दौरान कॉमर्शियल मालवाहक वाहनों की आवाजाही में सहायता के नाम पर प्रति वाहन हर महीने दो से पांच हजार रुपये लेकर स्टिकर देता था।

# दूर हो गई डबल डेकर पुल की सबसे बड़ी रुकावट

## डीएमआरसी ने बताया कब तक बन जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पहले डबल-डेकर पुल के निर्माण की एक बड़ी रुकावट पिछले हफ्ते दूर हो गई। इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को कई पेड़ों को काटने और दूसरी जगह लगाने की अनुमति मिल गई है, जो फ्लाईओवर के रैंप के निर्माण को रोक रहे थे। यह डबल-डेकर पुल 1.4 किलोमीटर लंबा है और इसे भजनपुरा और यमुना विहार मेट्रो स्टेशनों के बीच बनाया जा रहा है। यह पुल पिंक लाइन कॉरिडोर के विस्तार (मौजपुर से मजलिस पार्क तक) का हिस्सा है। हालांकि, निर्माण कार्य दो साल से ज्यादा समय से अटका हुआ था, क्योंकि डीएमआरसीको निर्माण पूरा करने के लिए पेड़ों को काटने की अनुमति की जरूरत थी।

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि डीएमआरसीऐसे तीन डबल-डेकर पुल बना रही है, लेकिन उम्मीद है कि यह पुल सबसे पहले बनकर तैयार होगा, शायद अगले साल के मध्य तक ये पुरा हो जाए। अधिकारी ने कहा, दो साल से ज्यादा समय से काम रुका हुआ था, क्योंकि फ्लाईओवर के रास्ते में कई पेड़ आ रहे थे। हालांकि, पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं मिल रही थी। डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि भजनपुरा और यमुना विहार के बीच का डबल-डेकर सेक्शन फिलहाल ट्रेनों के चलने के लिए तैयार है, लेकिन, डबल-डेकर पुल के सड़क वाले हिस्से (फ्लाईओवर) का रैंप (चढ़ाव) अभी तक तैयार नहीं था। दयाल ने कहा, पेड़ काटने की अनुमति पिछले सप्ताह ही मिली है, और डीएमआरसी बचे हुए हिस्से के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर रहा है। डीएमआरसी इसके अलावा दो डबल-डेकर पुल बना रहा है।



## दिल्ली से गुरुग्राम-बावल तक चलेगी नमो भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले साल में दिल्ली के सराय काले खां से गुरुग्राम होते हुए बावल तक नमो भारत ट्रेन चलाने के लिए कार्य शुरू हो जाएगा। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के निर्माण के दूसरे चरण का टेंडर आवंटित कर दिया जाएगा। यह बात विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के पश्चात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी, 2014 में चलाया था। इसके तहत अधिकांश विभागों की बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की जाती है। सैनी ने कहा कि एसपीआर पर निर्माणाधीन बरसाती नाले का निर्माण कार्य अगले साल मई माह में मानसून से पहले पूरा कर लिया जाएगा। यमुना को प्रदूषण से बचाने के लिए धनवापुर में 100 एमएलडी क्षमता के सीवर शोधन संयंत्र का टेंडर लगा दिया है। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 1700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# बात का बतंगड़ ना बनाए जापान, रूस को लेकर चीन देने लगा नसीहत

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन और रूस द्वारा की गई पेट्रोलिंग पर जापान के रिएक्शन पर अब ड्रैगन ने नई नसीहत दी है। चीनी विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि टोक्यो को चीन और रूस की सेनाओं द्वारा की गई इस पेट्रोलिंग से परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह उनके वार्षिक साझा कार्यक्रम का हिस्सा है। गौरतलब है कि चीन और रूस की साझा पेट्रोलिंग के बाद जापान ने भी गुरुवार को इस बात की घोषणा की थी कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक संयुक्त हवाई अभ्यास किया है। जापानी प्रधानमंत्री के ताइवान पर दिए बयान के बाद चीन और जापान के बीच कूटनीतिक तनाव अपने चरम पर है।



रूस और चीन द्वारा की गई इस पेट्रोलिंग पर चिंता जाहिर करते हुए जापान के संयुक्त चीफ्स ऑफ डिफेंस स्टाफ ने बुधवार को कहा कि इससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बढ़ता है। जापान ने आरोप लगाया कि एक दिन पहले दो रूसी टीयू-95 परमाणु क्षमता वाले बॉम्बर जापान सागर से उड़कर दो चीनी एच-6 बॉम्बर्स से पूर्वी चीन सागर में मिले और फिर दोनों देशों ने जापान के चारों ओर संयुक्त उड़ान भरी। जापान की तरफ से कहा गया कि इसी तनाव को कम करने के लिए जापानी सेना ने भी अमेरिकी सेना के साथ एक संयुक्त अभ्यास किया है। इससे पहले भी जापान द्वारा चीन के ऊपर आरोप लगाया गया था कि बीजिंग ने इंटरनेशनल वॉटर्स में दो बार जापानी फाइटर जेट्स को रडॉर लॉक कर दिया था। इसके बाद उसे अपने जहाजों को स्क्रैंबल (तेजी से उड़ान भरकर खतरे की जांच करने) का आदेश देना पड़ा। इसके बाद जापान ने चीनी राजदूत को तलब किया। हालांकि, इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने अपने-अपने तरीकों से बयान जारी किया। चीन की तरफ से कहा गया कि जापानी जहाजों ने बिना अनुमति के चीनी क्षेत्र में प्रवेश करके जासूसी करने की कोशिश की थी, इसके बाद तनाव पैदा हुआ।

जापान और चीन के बीच में वैसे तो विवाद काफी पुराना है लेकिन हाल ही में जापान की नई नवेली प्रधानमंत्री तकाइची के एक बयान के बाद विवाद बढ़ गया है। दरअसल, उन्होंने खुले तौर पर ताइवान की तरफदारी करते हुए कहा कि अगर चीन ताइवान की और सैन्य खतरा पैदा करता है या सैन्य कार्रवाई करने की कोशिश करता है तो जापान इसमें हस्तक्षेप करेगा। ताइवान को अपना अभिन्न अंग मानने वाले बीजिंग ने इस बयान के प्रति कड़ी प्रतिक्रिया जताई।

# खैबर पख्तूनख्वा की विधानसभा में आसिम मुनीर के नाम पर बवाल

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान में आसिम मुनीर को भारत के ऑपरेशन सिंदूर में मात खाने के बाद फील्ड मार्शल बनाया गया है। इसके अलावा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का दर्जा भी संविधान संशोधन करके मिला है। जानकार मानते हैं कि पाकिस्तान ने ऐसा इसलिए किया है ताकि भारत से मिली हार को छिपाया जा सके और जनता में गलत जानकारी देकर ही सही, सेना और सरकार का भरोसा कायम रहे। फिर भी इमरान खान के नेतृत्व वाली विपक्षी पार्टी पीटीआई से सेना की अदावत जारी है। यहां तक कि गुरुवार को तो खैबर पख्तूनख्वा की विधानसभा में आसिम मुनीर के पोस्टर लहराए जाने पर विवाद छिड़ गया।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता की ओर से इमरान खान और खैबर के सीएम सोहेल आफरीदी के खिलाफ बयान देने पर भी विवाद मचा है। सदन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की महिला विधायक सोबिया शाहिद ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के पोस्टर लहराए। इस पर स्पीकर सुरैया बीबी ने मार्शलों को आदेश दिया कि वे आसिम मुनीर के पोस्टरों को हटाएं। इसके अलावा उन्होंने पीएमएल-एन की विधायक से भी कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सेना का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका आपकी पार्टी से कोई ताल्लुक नहीं है। उन्होंने कहा कि आप अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करें। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की तस्वीरें लहराने का क्या मतलब है। देश में गंभीर समस्याएं हैं। गरीबी, आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता है। इसके बाद भी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी पीटीआई नेतृत्व के खिलाफ बयान देते हैं। विशेष तौर पर इमरान खान और सीएम सोहेल आफरीदी के खिलाफ उन्होंने जो बोला है, उससे खैबर पख्तूनख्वा के लोगों में गुस्सा है। पीटीआई के विधायक हुमायूं खान ने कहा कि आखिर सेना के लोगों को राजनीतिक मसले में बोलने की क्या जरूरत है।